कार्यालय–अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, इन्दिरानगर फॉरेस्ट कालोनी, उत्तराखण्ड, देहरादून।
E-Mail ID: nodalofficerddn@gmail.com, Phone/Fax: 0135 2767611

पत्रांक–121 /FP/UK/ROAD/150462/2021 देहरादूनः दिनांकः 21 जुलाई, 2023

सेवा में,

1 प्रभागीय वनाधिकारी,
केदारनाथ वन्यजीव वन
प्रभाग, गोपेश्वर।

2 अधिशासी अभियन्ता,
निर्माण खण्ड,
लो0नि0वि0, पोखरी।

विषय :– जनपद–चमोली के विधानसभा क्षेत्र बद्रीनाथ के विकासखण्ड पोखरी के अन्तर्गत थलगढ़–डाडौं मोटर मार्ग के नव निर्माण हेतु 1.8235 है0 वन भूमि का गैर वानिकी कार्यों हेतु लोक निर्माण विभाग को प्रत्यावर्तन।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्र के क्रम में अवलोकनीय कि विषयांकित वन भूमि हस्तान्तरण प्रस्ताव इस कार्यालय को प्रेषित किया गया है। प्रेषित प्रस्ताव का अवलोकन करने के पश्चात् प्रस्ताव में निम्नानुसार अपूर्णता दृष्टिगत हो रही है, जिसका निराकरण किया जाना तत्काल आवश्यक है। प्रस्ताव में इंगित कमियां निम्नानुसार हैं :–

1. प्रस्ताव में संलग्न बांज वृक्षों के पातन के प्रमाण–पत्र में वन संरक्षक के हस्ताक्षर अपेक्षित है।
2. परियोजना निर्माण हेतु आवेदित वन भूमि की निकटतम राष्ट्रीय पार्क/वन्यजीव अभ्यारण्य की सीमा से दूरी प्रस्ताव में संलग्न प्रमाण–पत्र में 2.3 किमी0 अंकित की गयी है, जिस हेतु सम्बन्धित मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक का अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रस्ताव में संलग्न किया जाना अपेक्षित है।
3. प्रस्ताव में एन0पी0वी0 की धनराशि का वर्तमान दरों के अनुसार आंकलन कर प्रस्ताव में संलग्न किया जाना अपेक्षित है।
4. क्या प्रस्तावित परियोजना से कोई जल स्रोत प्रभावित हो रहा है। उक्त के सम्बन्ध में प्रभागीय वनाधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाण–पत्र/सूचना उपलब्ध करायी जानी है।
5. प्रस्तावित परियोजना के समरेखण के आस–पास वन्यजीव/वास स्थल का विवरण प्रस्ताव में संलग्न करें।
6. परियोजना निर्माण से उत्सर्जित मलवा निस्तारण हेतु चिन्हित स्थलों का विवरण एवं विस्तृत मक डिस्पोजल योजना।

अतः उपरोक्तानुसार वांछित ऑपत्तियों का निराकरण कर सूचना/प्रमाण–पत्र एवं प्रस्ताव हार्ड प्रतियों में उक्त कमियों का पूर्णतः निराकरण कर अपनी पूर्ण के उपरान्त ही इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर स्वीकृति निर्गत करने हेतु भारत सरकार को प्रेषित किया जा सके।

भवदीय,
21/07/23

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

संख्या :– 121 /FP/UK/ROAD/150462/2021 दिनांकित।

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक/निदेशक, नन्दादेवी बायोस्फियर रिजर्व, गोपेश्वर को उपरोक्त सन्दर्भित पत्र के क्रम में इस आशय से प्रेषित कि प्रस्ताव में इंगित समस्त कमियों का बिन्दुवार निराकरण कर आख्या अपनी सुस्पष्ट संस्तुति के साथ इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें, ताकि प्रकरण पर अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सके।

(आर0के0 मिश्र)
अपर प्रमुख वन संरक्षक एवं नोडल अधिकारी,
वन संरक्षण, देहरादून।

O/C